वार्तालाप नं.471, हैदराबाद, दिनांक 27.12.07

Disc.CD No.471, dated 27.12.07 at Hyderabad

Extracts-Part-1

समयः 00.01-02.29

जिज्ञासुः शिवालय में पहले जाकर समझाओ, तुम इसपर पानी क्यों चढ़ाते हो। ऐसे बोलते हुए बाबा ने बोला गया तांड़े पर, मालिक बन बैठा। मतलब क्या है बाबा?

बाबा: जैसे कोई किचन में जाए आग लेने के लिए कि अपने चूल्हे की आग हमको दे दो। गया था मांगने के लिए और वहाँ किचन मास्टर बनके बैठ गया। तो गया था भीखमंगा बनके और बैठ गया मालिक बनके। तो ऐसे ही तुम जाओ शिवालय में, उन भक्तों को जाके पूछो कि तुम शिव के ऊपर पानी क्यों चढाते हो? और पानी भी कैसा? एक लोटा दूध में चुल्लू भर दूध और बाकी सारा पानी। तो वो तो बताय नहीं सकेंगे। तुम उनको बताओ कि भगवान बाप जब इस सृष्टि पर आते हैं, ज्ञान सुनाते हैं तो जो अधूरे ज्ञानी हैं, ज्ञान को पूरा समझते नहीं हैं, वो क्या करते हैं? जो बुद्धि रूपी लोटी पानी से भरी हुई है, उसमें थोड़ा सा ज्ञान जल डाला हुआ है, बाकी सारा ही पानी है। ऐसे पानी से भरी हुई बुद्धि रूपी लोटी को, लोटा नहीं। क्या? लोटी, माना कन्याओं को अर्पण करते हैं। उसकी यादगार में तुम आज भी क्या करते हो? आज भी तुम जड़ लोटी चढ़ाते हो। क्या? उसमें असली ज्ञान जल बहुत थोड़ा होता है और बाकी सब पानी ही पानी होता है। दूध के बिलोने से मक्खन निकलता है और पानी के बिलोने से कुछ भी नहीं निकलेगा।

Time: 00.01-02.29

Student: [Baba has said] First go to a temple of Shiv and explain [to the devotees], why do you pour water over it (i.e. the *Shivling*)? While saying so Baba said, He went to the kitchen and became a master of it. Baba, what does it mean?

Baba: For example, if someone goes to a kitchen to borrow fire [saying]: Give me some fire from your stove. He went to seek [fire] and he became the kitchen master there. So, he went as a beggar but became a master. So, similarly, you go to the temple of Shiv *(Shivalay)* and ask those devotees, why do you pour water over Shiv[*ling*]? And what kind of water is it? In a tumbler of milk, there is a handful of milk and the rest is water. So, they will not be able to reply. You tell them, when God the Father comes in this world, when He narrates knowledge, the incomplete knowledgeable ones, those who do not understand the knowledge completely, what do they do? The intellect in the form of small vessel *(loti)* which is full of water, it contains little water of knowledge (i.e. milk) and all the rest is water. Such intellect in the form of small vessel (*loti*) full of water; its not a big vessel (*lota*); what? *Loti* means that they offer the virgins. In its remembrance, what do you do even to this day? Even to this day, you offer physical small vessel full of water. What? There is very little true

water of knowledge and the rest is just water. Churning of milk produces butter and the churning of water will not produce anything.

समयः 02.33-07.00

जिज्ञासुः बाबा, कहते हैं शंकर लव में लीन हो कर रहता है, वो शिव से कैसे प्यार? मुरली में कहा है, प्यार तो शरीर के साथ होता है। बिन्दी के साथ प्यार कैसे होता है?

बाबा: अच्छा, चलो शंकर की बात छोड़ दो। शंकर की बात बाद में उठायेंगे। कोई भी मनुष्य को उठाओ। पहले-2 हर मनुष्य को अपनी आत्मा से प्यार होता है। अपन से प्यार होता है। फिर किससे प्यार होता है? नेक्स्ट टू आत्मा, फिर किससे प्यार होता है? अपनी देह से प्यार होता है। पहले अपन से प्यार फिर अपनी देह से प्यार होता है। तो ऐसे ही शिव आत्मा है और शिव जिसमें प्रवेश करता है वो देह है और देह उसकी अपनी नहीं है। क्या? अपनी देह है क्या? अपनी नहीं है फिर भी उसको अपना लेता है। क्या? उसको अपना लेता है या किराया देके अलग कर देता है? अपना लेता है। आदि से लेकरके अंत तक मुकर्रर बना के रखता है।

Time: 02.33-07.00

Student: Baba, it is said that Shankar remains immersed in love [of Shiv]; how does he love Shiv? It has been said in *Murli*, love happens with the body. How can someone love a point?

Baba: OK, leave aside the topic of Shankar. We will raise Shankar's point later on. Take the case of any human being. First of all, every human being loves his soul. He has love for himself. For whom does he love next? For whom does he love next to the soul? He has love for his own body. First he has love for himself and then for his body. So, similarly, Shiv is the soul; and the one in whom Shiv enters is a body and the body is not His own. What? Is it His own body? It is not His own body; even then He adopts it. What? Does He adopt it or does he pay the rent [for it] and separate it [from Himself]? He adopts it. He makes it permanent since the beginning to the end.

तो जिसका तन है वो तनधारी अपना तन उसे एवर लास्टिंग हमेशा के लिए अर्पण कर देता है या ये समझता है कि मैं किराया लेके अलग हो जाऊंगा? दलाली लेके अलग हो जाऊंगा? एवर लास्टिंग देता है ना? तो जिस तन में वो सुप्रीम सोल प्रवेश करता है उस तन में याद नहीं कर सकता? कर सकता है। क्योंकि सबसे पहले तो हर एक को अपनी देह से प्यार होता है और वो प्यार तब और ज्यादा बढ़ जाता है जबकि भगवान के कार्य में लग जाए। ईश्वरीय सेवा में लग जाए। गायन भी है, जहाँ हमारा तन होगा, वहाँ हमारा मन होगा। अरबपति व्यक्ति अपना सारी जिन्दगी का कमाया हुआ अरबों रुपया किसी कारखाने में लगा दे और विदेश में चला जाए तो उसका मन कहाँ जाएगा? कारखाने में जाएगा ना? तो शंकर अपने ही तन के द्वारा उस तन में प्रवेश किए हुए निराकार बाप

को याद नहीं कर सकता? कर सकता है। बल्कि दूसरे को याद करना मुश्किल होता है और अपने में याद करना तो सहज होता है। वो ही बिन्दु अपनी आत्मा के रूप में भृकुटी में याद करना सहज है या दूसरे स्थान पर दूसरे व्यक्ति में याद करना सहज है? अपने में याद करना, आत्मा को याद करना बहुत सहज है। इसलिए कहते हैं पहले अपन को क्या समझो? आत्मा समझो। तो शंकर को याद करना सहज है या और आत्माओं को याद करना सहज है? शंकर को याद करना तो और भी सहज है।

So, the one who owns the body, does that bodily being surrenders his body to Him everlastingly, forever or does he feel, I will collect the rent and dissociate? [Does he think] I will dissociate after taking the commission (*dalali*)? He gives it everlastingly, doesn't he? So, can't he remember [Him] in the body in which the Supreme Soul enters? He can, because first of all everyone loves his own body and that love increases further when it is invested in God's task, when it is used for Godly service. It is also sung, wherever our body is, our mind will go there. If a millionaire invests millions of rupees earned by him throughout the life, in a factory and if he goes abroad; where will his mind go? It will towards the factory, will it not? So, can't Shankar remember that incorporeal Father who has entered in the body through his own body? He can. Rather, it is difficult to remember in someone else and it is easy to remember in oneself. Is it easy to remember the same point as our soul in the middle of our forehead or is it easy to remember in some other place in some other person? It is very easy to remember in ourself, to remember the soul. This is why it is said, what should you think yourself to be first? Consider yourself to be a soul. So, is it easy for Shankar to remember [Shiv] or is it easy for other souls to remember [Shiv]? It is much easier for Shankar to remember [Shiv].

समयः 07.05-15.00

जिज्ञासुः बाबा, कहते हैं राम वाली व्यक्तित्व की अनिश्चय रूपी मृत्यु नहीं होती है। इसलिए उनको अमरनाथ कहते हैं माना उनको निश्चय बिन्दी पर है या किसी और पर है? किसी के ऊपर है? बिन्दी पर निश्चय और अनिश्चय होने की बात ही नहीं।

Time: 07.05-15.00

Student: Baba, it is said that the personality of Ram does not face the death in the form of doubt. This is why he is called *Amarnath* (lord of immortality), it means, does he have faith on a point or on anything else, on someone? There is no question of having faith or losing faith on a point at all.

बाबा: जिसको अपने पार्ट पर निश्चय हो जाए, वो अपनी आत्मा के ऊपर निश्चय हो जाना ये बाप के बगैर हो सकता है क्या? बच्चा जब तक ये न पहचाने कि मैं किसका बच्चा हूँ, किस कुल का हूँ तो उसको अपना आत्माभिमान, अपने कुल का अभिमान पैदा होगा? स्वाभिमान जागेगा? मिसाल

दिया जाता है: एक राजा का बच्चा कोई कारणे-अकारणे जंगल में खो गया और भेडियों के बीच में रहने लगा, बचपन से ही; और बड़ा हो गया तब तक वो अपने को क्या समझता रहा? भेड़िया हूँ। भेड़ियों जैसी चलन बन गई, भेडियों जैसा शरीर बन गया लेकिन जब उसको पता चला कि मैं तो अमुक बाप का बच्चा हूँ, राजा का बच्चा हूँ तो बात बदल गई। तो ऐसे ही है। द्वापरयुग से हम भेडियों के संग में आते-2 जानवर बन गए। जानवरों से भी बदतर बन गए।

Baba: The one who develops faith on his part, is it possible to develop faith on one's soul without the Father? Unless a child realizes as to whose child he is, to which clan he belongs, will he develop the soul consciousness, the pride for his clan? Will he develop self-respect? An example is given: if the child of a king is lost in a jungle due to some reason or the other and started living amongst wolves, since his very childhood; what did he considered himself to be till he grew up ? I am a wolf. His behavior became like wolves; his body became like the body of wolves, but when he came to know that I am a child of such and such father; I am the child of a king; the topic changed. So, it is in the same way. Since the Copper Age, we became animals while coming in the company of wolves. We became worse than animals.

अभी बाप ने हमको परिचय दिया है। तो परिचय पाने वालों में जिस मुकर्रर रथ में बाप प्रवेश करते हैं, सबसे नजदीक कौन है? सुप्रीम सोल बाप के नजदीक कौन है? जिस तन में प्रवेश करते हैं वो सबसे जास्ती नजदीक। जैसे कहते हैं ब्रह्मा के तन में प्रवेश करके मुरली चलाता हूँ। तो पहले किसके कान सुनते हैं? ब्रह्मा के कान सुनते हैं। परंतु ब्रह्मा उर्फ कृष्ण की आत्मा बच्चा बुद्धि; तो सुनती तो है लेकिन समझती नहीं और राम की आत्मा तो राम बाप कहा जाता है। सारी मनुष्य सृष्टि का बाप है। उसमें प्रवेश करते हैं, तो वो सिर्फ़ सुनता ही नहीं है, नजदीक होकर समझता भी है। सच्चाई को देखता भी है। तो नजदीक होने के कारण उस स्वरूप में भी जल्दी टिक जाता है। अपने कुल की, अपने स्वरूप की स्मृति आ जाती है।

Now the Father has given us the introduction. So, among those who receive the introduction, the appointed chariot in whom the Father enters; who is closest? Who is closest to the Supreme Soul Father? The body in which He enters is the closest. For example, He says, I enter in the body of Brahma and narrate *Murli*. So, whose ears listen first? Brahma's ears listen first. But Brahma alias Krishna's soul has a child-like intellect. So, it does listen, but it does not understand and the soul of Ram is called the father Ram. He is the father of the entire human world. When He enters him, he not just listens, but also understands, being close. He also sees the truth. So, because of being close, he also becomes constant in that form soon. He recollects the memory of his clan, his form.

जिज्ञासु: वो पहचान कैसे कर पाता होगा?
बाबा: कोई व्यक्ति में भूत प्रवेश करता है। जब भूत प्रवेश करता है तो उसके चलन में फर्क आता है या नहीं? वो समझता भी है मेरे अन्दर कोई आत्मा प्रवेश है और प्रवेश की हुई आत्मा उसकी बुद्धि को भी घुमाती है। वो अनुभव करता है कि किसी ने हमारी बुद्धि को घुमाया और बार-2 प्रवेश करता है, बार-2 बुद्धि को घुमाता है तो जो उसका मानसिक वातावरण है, वायब्रशन है वो बदल जाता है या नहीं? थोडे समय में वो वातावरण भी उसका बदलता है, वायब्रेशन भी बदलता है और यहाँ तो भूत नहीं प्रवेश करता। यहाँ ब्राह्मणों की दुनिया में प्रवेश करने वाला कौन है? स्वयं भगवान बाप प्रवेश करता है। लेकिन जिसमें प्रवेश करता है वो भी नहीं जानता है कि कौन प्रवेश करता है कि नहीं प्रवेश करता है। क्यों? क्योंकि बताय दिया है, मालूम कैसे पड़ता है कि इनमें बाप भगवान है? जब ज्ञान सुनाते हैं।
Student: How would he be recognizing?
Baba: Suppose a ghost enters a person. When the ghost enters, does any difference appear in his behavior or not? He also understands that a soul has entered in me and the soul that has entered moulds his intellect as well. He experiences that someone has moulded his intellect and it enters again and again and moulds his intellect repeatedly. So, does his mental atmosphere, the vibrations change or not? Within a short time his atmosphere changes as well as the vibrations change; and here it is not a ghost who enters. Who enters here in the world of Brahmins? It is God the Father Himself who enters. But even the one in whom He enters does not know as to whether someone enters or not. Why? Because it has been said, how do we come to know that God the Father is present in him? It is when he narrates the knowledge.

तो सन् 76 से पहले ज्ञान सुनाते हैं, बेसिक नॉलेज में आने मात्र से ही राम वाली आत्मा ज्ञान सुनाती है या बाद में सुनाती है? (किसी ने कहा: बाद में सुनाती है।) ब्रह्मा के तन में भी, दादा लेखराज के तन में भी सन् 36 से ही ज्ञान सुनाना शुरु कर दिया था या सन् 47 से पता चला कि इनमें बाप भगवान है? 47 से पता चला। इसी तरह ब्रह्मा के शरीर छोड़ने के बाद ब्राह्मणों के इस काँटों के जंगल में ब्रह्मा के बाद ऐसे नहीं कि कोई दूसरा होता नहीं है। होता तो है परंतु प्रत्यक्ष नहीं होता क्योंकि वाणी चलती नहीं है। अव्यक्त पार्ट रहता है, और वो अव्यक्त कब से प्रत्यक्ष होता है? जब से बाप का प्रत्यक्षता वर्ष मनाया जाता है। तो कैसे पता चलता है इनमें बाप भगवान है? जब एडवांस ज्ञान सुनाते हैं। तो पता चलता है, सब स्वीकार करते हैं कि ऐसा ज्ञान तो और कोई ब्रह्मणों में सुनाय ही नहीं सकता। ये तो भगवान बाप स्वयं आ करके क्लेरिफिकेशन दे रहा है टीचर के रूप में। तो औरों को पता चलेगा, जिसमें प्रवेश करता है उसको पता नहीं चलेगा?

उसको तो और भी पहले पता चल जायेगा। निश्चय होता ही है बाप के ऊपर, निश्च्य होता ही है अपनी आत्मा के ऊपर और निश्चय होता ही है ड्रामा के ऊपर। कितनी बातों के ऊपर निश्चय? आत्मा के ऊपर निश्चय, आत्मा के बाप के ऊपर निश्चय और अपने पार्ट और आत्मा जिस ड्रामा में पार्ट बजाती है उस ड्रामा के ऊपर पक्का निश्चय पैदा हो जाए। उसको कहते हैं निश्चय बुद्धि विजयते।

So, does he narrate the knowledge before the year [19]76, does the soul of Ram narrate knowledge just by entering the path of basic knowledge or does it narrate later on? (Someone said: he narrates later on.) Even in the body of Brahma, even in the body of Dada Lekhraj, did He start narrating knowledge since the year [19]36 itself or did they come to know since the year [19]47 that God the Father is present in him? They came to know since [19]47. Similarly, after Brahma left his body, it is not that there is no other person in this jungle of thorns of Brahmins after Brahma. He is indeed present, but he is not revealed because he does not narrate *vani*. The part remains *avyakt* (unmanifest) and since when is that [one who is] *avyakt* revealed? [The *avyakt* one is revealed] ever since the year of revelation of the Father is celebrated. So, how do we come to know that God the Father is present in him? When he narrates the advance knowledge. Then we come to know, everyone accepts that nobody else among the Brahmins can narrate at all such knowledge. It is God the Father Himself who has come and is giving clarification in the form of a Teacher. So, [when] others come to know, [will] the one in whom He enters not come to know? He will come to know much earlier. The very faith is on the Father; the very faith is on our soul and the very faith is on the drama. Faith on how many things? We should develop firm faith on the soul, faith on the Father of the souls and faith on our part and the drama in which the soul plays its part. That is called 'the one with a faithful intellect gains victory'.

Extracts-Part-2

समयः 15.03-25.13

जिज्ञासुः बाबा, शंकरजी के भृकुटी में उनकी अपनी आत्मा अलग और शिव की आत्मा अलग दिखती है या दोनों मिलकर एक दिखती है?

बाबा: किसको?

जिज्ञासु: शंकर।

बाबा: पहली बात तो ये है कि ब्रह्मा की आत्मा को माना ब्रह्मा उर्फ कृष्ण बच्चे की आत्मा को राम की आत्मा के साथ जिसे राम बाप कहा जाता है, उससे टैली किया जा सकता है? और टैली करे तो 100% वास्ट अंतर दिखाई पडेगा या साम्यता दिखाई पडेगी? अंतर दिखाई पडेगा। क्या अंतर

दिखाई पडेगा? जो बाप ने बोला है कि ये जो साधु, सन्यासी, गुरु होते हैं, वो अपन को ही भगवान समझ के बैठ जाते हैं। वो ज्ञानी हुए या अज्ञानी? अज्ञानी। क्योंकि बाप ने कहा है जो अपन को भगवान कहते हैं वो बडे ते बडे हिरण्यकाश्यप है। तो ब्रह्मा की आत्मा क्या समझ के बैठ गई? कि भगवान का साकार रूप इस सृष्टि पर अगर कोई है गीता का भगवान तो वो कौन है? ब्रह्मा की आत्मा यही समझती है कि मैं गीता का भगवान शिवोऽहम हूँ। वो खुले आम कहते भी थे कि मेरे अन्दर भगवान आता है, मैं भगवान के रथ को स्नान कराता हूँ। लेकिन जो ज्ञानी आत्मा होगी; बाप ज्ञान का सागर तो बाप का बच्चा भी मास्टर ज्ञान सागर होना चाहिए।

Time: 15.03-25.13

Student: Baba, does *Shankarji* see his soul and Shiv's soul separately in the middle of the forehead *(bhrikuti)* or does he see both of them as one?

Baba: To whom?

Student: Shankar.

Baba: The first thing is that, can Brahma's soul, i.e. Brahma alias child Krishna's soul be tallied with the soul of Ram who is called the father Ram? And if we tally both of them, will we find a 100% vast difference or will we find a similarity? We will find a difference. What difference will we find? The Father has said that these sages, *sanyasis*, *gurus* think themselves to be God. Are they knowledgeable ones or ignorant? [They are] ignorant; because the Father has said that those who call themselves as God are the biggest *Hiranyakashyaps* (a villainous character mentioned in the scriptures who declared himself as God). So, what did Brahma's soul think itself to be? [It thought] that if there is any corporeal form of God, God of the Gita in this world, who is it? Brahma's soul thinks that I am God of the Gita, I am Shiv *(Shivoham)*. He even used to declare openly: God comes in me; I bathe the chariot of Shiv. But a knowledgeable soul; when the Father is an ocean of knowledge, the Father's child should also be the *master* ocean of knowledge (*master*: the one who does in practical).

जब बाप अपने को गुप्त करके संसार में आता है तो बाप को फॉलो करने वाला अव्वल नम्बर बच्चा वो अपने को गुप्त रखेगा या प्रत्यक्ष करेगा? गुप्त रखेगा। तुम्हारा ज्ञान, मान, पद, पुरुषार्थ, दान सब कुछ गुप्त। तो राम वाली आत्मा जिसमें भगवान बाप, बाप के रूप में प्रत्यक्ष होता है वो स्वप्न में भी ऐसा नहीं सोच सकती कि मैं भगवान बाप हूँ या मेरा शंकर का पार्ट है या मेरा प्रजापिता का पार्ट है या मैं संगमयुगी कृष्ण हूँ, मेरा नारायण का पार्ट है, मैं शिव हूँ। जब स्वप्न में भी नहीं आ सकता तो स्वप्न मात्र सो संकल्प मात्र भी नहीं आ सकता। पहले संकल्प में आता है फिर वाचा में आता है, फिर प्रैक्टिकल में भी जरूर आवेगा।

When the Father comes in this world in a secret form, will the number one child who follows the Father keep himself hidden or will he reveal himself? He will keep himself hidden. Your knowledge, respect, post, *purusharth* (special effort for the soul), donation, everything is secret. So, the soul of Ram through whom God the Father is revealed in the form of the Father cannot think even in his dreams that I am God the Father or my part is that of Shankar or part is that of Prajapita or that I am the Confluence Age Krishna, my part is that of Narayan; I am Shiv. When it can't come even in his dreams, then as the dreams, it cannot emerge in his thoughts either. First it emerges in the thoughts, then in words and then it will certainly emerge in *practical* too.

जिज्ञासु: ब्रह्मा बाबा अपने को भगवान का साकार रूप मानता है तो फिर उनको धारणाओं का राजा का उपाधि रिवार्ड कैसे दिया गया?

बाबा: कहते हैं भगवान इस सृष्टि की माता भी है, इस सृष्टि का पिता भी है। उसको कहते हैं त्वमेव माता च पिता त्वमेव। तो माता के रूप में सहनशक्ति का पार्ट कृष्ण की आत्मा बजाती है या शिव की आत्मा बजाती है? अगर ब्रह्मा उर्फ कृष्ण की आत्मा ने सहनशक्ति का पार्ट बजाया होता सारे सृष्टि की बडे ते बडी़ माँ का पार्ट बजाया होता तो 63 जन्म में भी बजा लिया होता। 63 जन्म में भी सबका दिल जीत लिया होता। परंतु ऐसा हुआ क्या? नहीं हुआ।

Student: If Brahma Baba considers himself to be the corporeal form of God, then how has he been given the reward (title) of king of virtues *(dharnao ka raja)*?

Baba: People say that God is the Mother as well as the Father of this world. He is called *'twamev mata cha pita twamev'*. So, does the soul of Krishna or the soul of Shiv play the part of tolerance in the form of a mother? Had the soul of Brahma alias Krishna played the role of tolerance, had he played the part of the biggest mother of the entire world, it would have played such a part in 63 births as well. It would have won everybody's heart in 63 births as well. But did it happen so? It did not.

तो ये तो सोचना ही गलत है कि ब्रह्मा के अन्दर जो भी पार्ट चला धारणाओं का वो ब्रह्मा की सोल ने बजाया। नहीं। कौन बजाता है? बाप बजाता है। अभी भी कहते हैं तमोप्रधान आत्मा सेवा करती है या बापदादा सेवा करते हैं? (किसी ने कहा: बापदादा करते है।) तो जैसे अभी बात ये लागू होती है वैसे उस समय भी ये बात लागू होती है कि कृष्ण की आत्मा अंतिम जन्म में तमोप्रधान होती है या सतोप्रधान? तमोप्रधान। और अभी भी तमोप्रधान कहे या सतोप्रधान? तमोप्रधान कहे। तो तमोप्रधान आत्मा ईश्वरीय सेवा नहीं कर सकती। ईश्वरीय सेवा कौन करता है? सतोप्रधान आत्मा ही प्रेरित करती है सेवा करने के लिए। बाकि तमोप्रधान आत्मा तो काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, इन एक्टिविटी से ही फुर्सत नहीं मिलेगी।

So, it is wrong to think that whatever part of virtues was played through Brahma was played by Brahma's soul. No. Who plays that part? The Father (i.e. Shiv) plays that part. Even now it is said, does a tamopradhan soul (dominated by darkness or ignorance) do service or does Bapdada do service? (Someone said: Bapdada does it). So, just as it is applicable now, this point is applicable for that time as well; is the soul of Krishna *tamopradhan* or is it *satopradhan* (consisting mainly in the quality of goodness and purity) in its last birth? [It is] *tamopradhan*. Moreover, even now should it be called *tamopradhan* or *satopradhan*? It should be called *tamopradhan*. So, a *tamopradhan* soul cannot do Godly service. Who does Godly service? It is the *satopradhan* soul which inspires to do service. As regards the *tamopradhan* soul, it will not have time for anything other than the activities of lust, anger, greed, attachment, and ego.

जिज्ञासु: अगर ब्रह्मा बाबा ने ये धारणा किया तो ये गलत धारणा है। तो फिर धर्मराज का पार्ट शिव ही बजाएगा ना?

बाबा: पार्ट साकार में गाया जाता है या आकार और निराकार में गाया जाता है? पार्ट किसे कहते हैं? पार्ट सूक्ष्म वतन में चलता है, सूक्ष्म शरीरधारी का पार्ट गाया जाता है या साकार शरीरधारी का पार्ट गाया जाता है?

जिज्ञासु: जगदम्बा में प्रवेश करके करता होगा।

बाबा: जगदम्बा में भी प्रवेश करने वाला साकार आत्मा है, आकारी आत्मा है, अव्यक्त पार्टधारी है या व्यक्त आत्मा है?

जिज्ञासु: व्यक्त आत्मा है।

बाबा: व्यक्त आत्मा है? अव्यक्त आत्मा है। उसका अपना शरीर तो है ही नहीं। आत्मा का नाम पड़ता है या शरीर का नाम पड़ता है? नाम किसका होता है? शरीर का नाम होता है। तो जगदम्बा का नाम होता है। ये कोई नहीं कहता कि ब्रह्मा ने महाकाली का पार्ट बजाया क्योंकि ब्रह्मा की तो **आत्मा** काम करती है। शरीर किसका है? जगदम्बा का। नाम काम के आधार पर पड़ता है और काम सिर्फ आत्मा नहीं करती। आत्मा को क्या चहिए? शरीर भी चहिए।

Student: If Brahma Baba inculcated this, then it is a wrong inculcation; so Shiv alone will play the part of *Dharmaraj* (the Chief Justice), will He not?

Baba: Are parts played in corporeal form or in subtle and incorporeal form? What is meant by a part? Is a part played in the subtle world, is there the praise of the part of a subtle bodily being or is there the praise of the part of a corporeal bodily being?

Student: He must be playing a part by entering in *Jagdamba*.

Baba: Even the soul which enters *Jagdamba*, is it a corporeal soul, a subtle soul, an *avyakt* actor or a *vyakt* soul?

Student: It is a *vyakt* soul.

Baba: Is it a *vyakt* soul? It is an *avyakt* soul. He does not have his own body at all. Is a soul named or is a body named? Who has a name? A body has a name. So, *Jagdamba* becomes famous. Nobody says that Brahma played the part of *Mahakali* (a Goddess) because it is the **soul** of Brahma that works. Whose body is it? *Jagdamba's* body. Names are given on the basis of the task performed and it is not just the soul that acts. What does a soul require? It requires a body as well.

जिज्ञासु: ऐसे कहा है जगदम्बा तो इंस्ट्रुमेंट है।

बाबा: ये ज्ञानियों के समझने की बात है और दूसरों को समझाने की बात है। जैसे हम ब्राह्मण अभी तक ये नहीं जानते। जब महिमा करने पे आते हैं तो ब्रह्मा ही ब्रह्मा नजर आता है। ये बुद्धि में नहीं आता कि सहनशक्ति का पार्ट किसने बजाया? किसने बजाया?

जिज्ञासु: शिव ने बजाया।

बाबा: ये तो अभी जानते हैं ना?

जिज्ञासु: बाप ने समझाया तब ही तो पता चला ना?

बाबा: नहीं, पहले नहीं जानते थे ना? नहीं जानते थे तो अज्ञानी थे ना? तो ऐसे ही ये अज्ञानियों और ज्ञानियों की समझने और समझाने की भाषा है कि जगदम्बा तो डब्बा है। वास्तव में सहनशक्ति के रूप में पार्ट बजाने वाला शरीरधारी कौन है? जगदम्बा है या दादा लेखराज ब्रह्मा है? (सभी ने कहा - दादा लेखराज ब्रह्मा।) दादा लेखराज ब्रह्मा है।

Student: It has been said that *Jagdamba* is an instrument.
Baba: It is something to be understood by the knowledgeable ones and explaining to the others. For example, we Brahmins do not know this till now. When we start praising we see just Brahma everywhere. It does not strike our intellect as to who played the part of tolerance? Who played it?
Student: Shiv played it.
Baba: We know this **now**, don't you?
Student: We came to know only when the Father explained, didn't we?
Baba: No. Earlier, we did not know, did we? We did not know so, we were ignorant, weren't we? Similarly, this is a language to be understood and explained by the ignorant ones and the knowledgeable ones that *Jagdamba* is a box. Actually, who is the bodily being who plays the part of tolerance? Is it *Jagdamba* or Dada Lekhraj Brahma? (Everyone said – Dada Lekhraj Brahma). It is Dada Lekhraj Brahma.

जिज्ञासु: बाबा, क्लीयर नहीं होता।

बाबा: क्या क्लीयर नहीं होता?

जिज्ञासु: अभी कहा ब्रह्मा द्वारा सहनशक्ति का पार्ट शिव ने बजाया।

बाबा: तो शिव ने बजाया लेकिन शिव का अपना शरीर है?

जिज्ञासु: नहीं है।

बाबा: जिसका शरीर ही नहीं है उसका काम कहा जायेगा? काम किस आधार पर होता है? काम के आधार पर नाम होता है ना? तो जो नाम पड़ा 'ब्रह्मा' वो ब्रह्मा नाम शिव का है? ... शिव का तो नाम एक ही है। क्या? 'मेरा नाम तो शिव ही है। वो कभी बदलता ही नहीं।' कब बदलता है?

जिज्ञासु: जब शरीर बदलते हैं तो...

बाबा: तो दादा लेखराज का शरीर बदल गया तो नाम भी बदल गया।

Student: Baba, it is not clear.
Baba: What isn't clear?
Student: Just now you said that Shiv played the part of tolerance through Brahma.
Baba: Shiv played that part, but does Shiv have His own body?
Student: He doesn't have.
Baba: Will the one who does not have a body at all, be said to have performed the task? On what basis is a task performed? The name is based on the task performed, isn't it? So, does the name 'Brahma' belong to Shiv? ..... Shiv has only one name. What? 'My name is only Shiv. It never changes.' When does it change?
Student: When the bodies change……
Baba: So, Dada Lekhraj's body changed so, the name also changed.

Extracts-Part-3

समयः 25.16-28.58

जिज्ञासुः बाबा, मुरलियों में कहा गया है देह और देह सहित सब सम्बन्ध छोड़ दो एक बाबा को याद कर और दूसरे मुरलियों में कहा है सर्व सम्बन्धों से बाबा को याद कर।

बाबा: ठीक है।

जिज्ञासु: सर्व सम्बन्धों से बाबा को याद करना है। अगर नहीं करे तो ये जन्म में वो सम्बन्ध छूट जायेगा...

बाबा: छूट जायेगा और उसका मजा ही नहीं आएगा। उस सम्बन्ध के प्यार के लिए तड़पते रहेंगे। तो इसमें विरोधाभास आपको कहाँ दिखाई दे रहा है?

जिज्ञासु: देह सम्बन्ध छोड़ना और सब समबन्ध.....।

बाबा: कमाल है। जिसे आप प्यार करने की बात, एक को प्यार करने की बात कर रहे हैं वो देहधारी है, उसकी बुद्धि देह में धरी रहती है या देह से परे रहने वाला है?

जिज्ञासु: देह से परे रहने वाला।
Time: 25.16-28.58
Student: Baba, it has been said in *Murlis*, leave the body and all the bodily relationships along with the body and remember one Baba and in another *Murlis* it has been said, we should remember Baba in all the relationships.
Baba: It is correct.
Student: We have to remember Baba in all the relationships. If we don't remember, that relationship will be left [to be experienced] in this birth……..
Baba: It will be left and we will not enjoy that [relation] at all. You will keep longing for that relationship. So, where do you find the contradiction in this [two statements]?
Student: Leaving the bodily relations and all the relations……
Baba: It is surprising! The one whom you love, the subject of loving the One, is He a bodily being, does His intellect remain entangled in the body or is He the one who remains detached from the body?
Student: He remains detached from the body.

बाबा: तो आपने उसको देहधारी कैसे समझ लिया? जिससे आपको सम्बन्ध जोड़ना है वो विदेही है या देहधारी है? विदेही है ना? जो देहधारी होता है उसका ये स्वभाव-संस्कार होता है; देहधारी माना जिसकी बुद्धि देह में धरी रहे। उसका यह स्वभाव-संस्कार होता है कि जिस देह से सम्पर्क सम्बन्ध जोडेगा उसकी उसे याद आती रहेगी। क्या? आँखों से देखेगा तो याद जरूर करेगा उसको। लेकिन वो ऐसा विदेही है; धर्मपिताओं की तरह नहीं है। धर्मपितायें भी इस सृष्टि पर आते हैं निराकारी दिखाई पड़ते हैं। चेहरे से कैसे दिखाई पड़ते हैं? निराकारी दिखाई पड़ते हैं। लेकिन पहला जन्म जब उनका पूरा होता है तो अंजाम क्या होता है? देहधारी रहते हैं या विदेही बनके रहते हैं? देहधारी बन जाते है। क्यों? देह में लगाव लग गया और यहाँ क्या है? यहाँ भगवान बाप, बाप के रूप में जिस तन के द्वारा प्रत्यक्ष होते हैं वो लगाव वाला पार्ट नहीं है, देह में बुद्धि धरी नहीं रहती है। कितनी भी देहधारियों से सम्पर्क सम्बन्ध जोडे, परंतु कैसा पार्ट बजाता है? विदेही पार्ट बजाता है। कोई लगाव नहीं, कोई अटैचमेंट नहीं। इसलिए बोला कि बाप आशुक बन करके आता है या माशूक बनके आता है? (किसी ने कहा: माशूक बनके।) क्यों? आशिक जो होता है वो दूसरे के ऊपर आसक्त हो जाता है, लगाव पैदा हो जाता है, और माशूक? एक माशूक से अनेकों आशिक हो जाते हैं। तो ये तो ऐसा बेहद का माशूक है जो किसी में खुद नहीं फँसता लेकिन 500-700 करोड़ की जो भी दुनिया है, चाहे सजा खाने वाले हैं और चाहे सजा न खाने वाले हैं, सबकी बुद्धि उस एक में इतनी आसक्त हो जायेगी कि सब उसके पीछे-2 जावेंगे। कहाँ जावेंगे? घर में जायेंगे।

Baba: So, how did you consider Him to be a bodily being? The one with whom you have to establish relationship, is He bodiless (*videhi*) or a bodily being (*dehdhari*)? He is bodiless, isn't He? A bodily being has this nature and *sanskar*; bodily being (*dehdhari*) means the one whose intellect remains entangled in a body. It has the nature and *sanskar* that it will keep remembering the body with which it establishes contact and connection. What? If he sees someone through the eyes, he will certainly remember him/her. But He is such a bodiless one; He is not like the religious fathers. When the religious fathers also come in this world; they appear to be incorporeal. How does their face appear? They appear to be incorporeal, but what is the result when their first birth is over? Do they remain a bodily being or do they remain bodiless? They become bodily beings. Why? They developed attachment for the body. And what is the case here? Here, the body through which God the Father, is revealed in the form of the Father, does not play a part of attachment; his intellect does not remain entangled in the body. He may establish contact and relationship with any number of bodily beings, but what kind of a part does he play? He plays a bodiless part. There is no attachment. This is why it has been said, does the Father come in the form of a lover (*aashuk*) or a beloved (*mashuk*)? (Someone said: In the form of a beloved.) Why? A lover becomes attached to others, he develops attachment and what about the beloved? Many lovers start loving one beloved. So, this one is such an unlimited beloved one who himself does not entangle in anyone, but the world of 500-700 crores (5-7 billion), whether they are the ones who suffer punishments and whether they are the ones who don't suffer punishments; everybody's intellect will become so attached in that one that all will follow him. Where will they go? They will go home.

समयः 29.03-32.39

जिज्ञासुः बाबा, तो आपको सजनी के रूप में याद कर सकते हैं ना?

बाबा: मेरे को काहे के लिए सजनी के रूप में याद करते हो? मैं तो ढाढ़ी-मूंछ वाला हूँ, रोज ढाढ़ी बनानी पड़ती है। सजनी को तो ढाढ़ी ही नहीं होती है। मेरी बात नहीं है। आप ये गलत बात बोल रहे हैं। मेरे को सजनी के रूप में कैसे याद करेंगे?

जिज्ञासु: आपके अन्दर शिवबाबा को सर्व सम्बन्ध के रूप में याद करना है ना ।

Time: 29.03-32.39

Student: Baba, so we can remember you as our wife, can't we?

Baba: Why do you remember me as your wife? I have beard and moustache. I have to shave everyday. A wife does not have a beard at all. It is not about me. You are telling the wrong thing. How will you remember me as your wife?

Student: We have to remember Shivbaba in you by all the relationships, haven't we?

बाबा: वो शिव बाबा कहते हैं, वो बात सही है। वो शिवबाबा कहते हैं; शिव बाबा जो कहते हैं और शिव बाबा का कहा हुआ जो बच्चे सुनते हैं, समझते हैं वो एक ही तरह का पार्ट बजावेंगे या दोगला पार्ट बजावेंगे? एक ही तरह का पार्ट बजावेंगे। तन, मन, धन, अपने पत्नी, बाल, बच्चे अर्पण कर

देंगे तो फिर वापस लेने वाले नहीं है। बेवकूफ बनाने वाले नहीं हो सकते। अगर बेवकूफ बनाते हैं .... क्या? देकरके फिर वापस ले लेते हैं, चांडाल का पार्ट बजाते हैं तो वो भगवान समझते हैं कि ऊपर से कहते हैं भगवान? ऊपर से कहते हैं भगवान। वास्तव में वो भगवान है नहीं उनके दृष्टि में।

Baba: Shivbaba says that, it is all right. Shivbaba says that; those who call him 'Shivbaba' and will the children who listen, understand the words spoken by Shivbaba play only one kind of part or will they play dual role? They will play only one kind of role. If they surrender their body, mind, wealth, wife, children, they will not take it back. They cannot make anyone fool. If they fool someone …..What? If they give [something] and then take it back, if they play the part of a *chandal* (cremator), then do they think him (the one in whom the Supreme Soul enters) God or do they call him 'God' artificially? They call him God artificially. Actually, He is not God in their eyes.

जैसे देवताओं को अमृत बाँटा गया, असुरों को भी बाँटा गया। पहले किसको बाँटा गया? देवताओं को बाँटा गया। देवताओं का नम्बर लगा तो उसमें कौन घुसके बैठ गया? असुर घुसके बैठ गया। तो वो असुर अपने को ये दिखाता है कि मैं देवता हूँ या राक्षस हूँ? वो तो यही दिखाएगा, मैं देवता हूँ। तो भगवान को भगवान बाप कहेगा या शैतान कहेगा? क्या कहेगा? बाप ही कहेगा। लेकिन भगवान तो बड़ा छुपा रुस्तम है। ऐसा छुपा रुस्तम है जिसके लिए कहा जाता है छुपा रुस्तम बाद में खुले। क्या? बाद में खुलेगा या कोई अभी प्रत्यक्ष कर सकता है? कोई कहे कि हम तो कागज में चित्र छपा देंगे, फोटो छपा देंगे, अभी प्रत्यक्ष कर देंगे। तो हो जायेगा? बिल्कुल नहीं हो सकता। अपनी चलन से, अपने चेहरे से, अपने चरित्र से ही भगवान बाप को प्रत्यक्ष किया जा सकता है। चित्र छपाकर प्रत्यक्ष करना, ये तो भक्तिमार्ग में होता आया बहुत। द्वापरयुग से 63 जन्म से प्रत्यक्ष करते आए भगवान को। भगवान प्रत्यक्ष हुआ क्या? नहीं हुआ। अभी संगमयुग में प्रत्यक्ष हो जायेगा क्या? हम दूसरों को समझायें और कहें आप भगवान हैं, आप हमें जवाब दो, भगवान हैं कि नहीं। तो भगवान मान लेगा? अरे, वो तो गुरु लोग होते हैं जो उनसे कहो - 'भगवान, महाराज', तो स्वीकार कर लेते हैं हाँ, हम भगवान है। महाराज है।

For example, when nectar was distributed among the deities, it was also distributed to the demons. To whom was it distributed first? It was distributed to the deities [first]. When the turn of the deities came, who came stealthily and sat among them (in the queue to receive the nectar)? A demon sat stealthily amidst them. So, does that demon show himself to be a deity or a demon? He will indeed show that he is a deity. So, will he call God as God the Father or a demon? What will he call him? He will call him the Father only. But God is a big hidden rostum (hidden hero). He is such a hidden rostum for whom it is said, the hidden rostum is revealed in the end. What? Will he be revealed later

on or can anyone reveal him now? If anyone says, I will get picture printed on papers, I will get photographs printed, I will reveal him immediately so, will he be revealed? He cannot [be revealed at all]. God the Father can be revealed only through our behaviour, our face, our character. Revealing Him by getting pictures printed has been happening a lot in the path of *bhakti* (devotion). You have been revealing God since the Copper Age for 63 births. Was God revealed? No. Will he be revealed now in the Confluence Age? If we explain to others and say [him], you are God; give me an answer as to whether you are God or not? Will God accept? Arey, it is about those *gurus* that if you say them, *'Bhagwan, Maharaj'*, they accept [the salutations, saying], Yes, "I am God, I am *Maharaj*."

Extracts-Part-5

जिज्ञासु: बाबा, उनका कहना है जो साकार शरीरधारी 63 जन्म में सजनी बनता है पर 63 जन्म में तो शिव होता ही नहीं है। सम्बन्ध तो अपने संगम पर जोड़ना है तो वो 63 जन्मों का हिसाब ले रहे हैं?

बाबा: यहाँ जो सम्बन्ध जुड़ते हैं वो शिव के साथ...जिनकी बुद्धि में रहता है हमने शिव के साथ सम्बन्ध जोड़ा, वो आत्मायें पवित्र बनेंगी जन्म-जन्मांतर के लिए या अपवित्र बनेंगी? पवित्र बनेंगी ना? और जो सबसे जास्ती पवित्र बनने वालों की लिस्ट में होगा, वो औरों-2 के सम्बन्ध में आवेगा क्या? जैसे विजयमाला की हेड। एवर प्योर के साथ एक सम्बन्ध जोड़ करके पक्का रखती है। औरों के साथ व्यभिचार में दृष्टि से, वृत्ति से, वाचा में नहीं आती है। तो अनेक जन्मों तक उसका जो सम्बन्ध जुडेगा और एक के साथ जुडेगा, वो राजा के रूप में जुडेगा या रानी के रूप में जुडेगा? रानी के रूप में जुडेगा। वो भगवान और वो जन्म जन्मांतर के लिए भक्त। 'तुम सब भक्तियाँ हो, तुम सब सीतायें हो।' वो तो पवित्र रहने वालों की दृष्टि हैं। और जो भारत के राजायें हैं उनकी कैसी दृष्टि है? विकारी दृष्टि वाले हैं। और पता नहीं कौन -2 से धर्म में जाके गिरने वाले हैं।

Student: Baba he wants to say that the corporeal one becomes a wife in [some births from among] 63 births, but Shiv is not present in 63 births. Relationships are to be established in the Confluence Age; so he is taking it on the account of 63 births.

Baba: The relationships that are established here are with Shiv.....will the souls in whose intellect it is seated that they have established relationship with Shiv, become pure for many births or will they become impure? They will become pure, will they not? And will the one who is included in the list of those who become purest establish relationship with others? For example the head of the *Vijaymala* (the rosary of victory), she establishes relationship with the ever pure one and keeps it firm. She does not indulge in adultery through vision, vibrations or words with others. So, the relationship she establishes for many births, the relationship that she establishes with one, will it be

established in the form of a king or in the form of a queen? It will be established in the form of a queen. He (Narayan) is *Bhagwan* and she is a *bhakt* (devotee) for many births. (It is said in the Murlis that) "You all are devotees, you all are Sitas." That is a vision of those who remain pure and what kind of a vision do those who are kings of India have? They have a vicious vision and no one knows in which religions are they going to and fall.

जिज्ञासु: तो बाबा, 63 जन्मों में विजयमाला के हेड के साथ आप ही के साथ सम्बन्ध रहेगा क्या? नहीं रहेगा ना।

